राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–152/2022

श्री गंगा प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'स्मृति साक्ष्य' एवं अभिनन्दन स्मारिका 'गंगार्पण' के लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यपाल ने भाग लिया

पटना, 31 जुलाई, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान सिक्किम के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'स्मृति साक्ष्य' एवं अभिनन्दन स्मारिका 'गंगार्पण' के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर बापू सभागार, पटना में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि गंगा बाबू के जीवन गठन में आर्य समाज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहाँ इनके व्यक्तित्व को एक नया आयाम मिला तथा वह राष्ट्रभक्ति की अटूट भावना एवं वैचारिक दृढ़ता के साथ अपने कर्तव्य पथ पर सतत आगे बढ़ते रहे।

उन्होंने कहा कि गंगा प्रसाद जी ने बिहार विधान परिषद् के सदस्य के रूप में 18 वर्षों तक विभिन्न भूमिकाओं में अपने विविध दायित्वों का सफल निर्वहन किया। जे०पी० आन्दोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका थी।

राज्यपाल ने कहा कि श्री गंगा बाबू के व्यक्तित्व में उच्च मानवीय मूल्यों का अद्भुत समावेश है तथा वह अपनी मधुर वाणी एवं स्नेहपूर्ण व आत्मीय व्यवहार से हर किसी को अपना बना लेते हैं।

उन्होंने कहा कि गंगा प्रसाद जी अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के अनुभवों को आत्मकथात्मक शैली में लिपिबद्ध कर उसे एक पुस्तक 'स्मृति साक्ष्य' के रूप में प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी यह रचना भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरक एवं अध्ययन व शोध के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

कार्यक्रम में सिक्किम के महामहिम राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे०पी० नड्डा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

....